जरूरतमंदों के लिए राशन दान दिया

बसिया. कोरोना जागरूकता टीम बसिया की पहल पर प्रखंड के समाजसेवियों ने जरूरतमंद लोगों के लिए दान में दिये राशन सामग्री को एसडीपीओ दीपक कुमार व बीडीओ रवींद्र कुमार गुप्ता ने जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया. इस राहत कोष में पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष यशोदा देवी ने 20 किग्रा चावल, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान ने एक बोरा चावल, कलिगा मुखिया आलोक टोपनो ने चार बोरा चावल व प्रदान संस्था ने आठ बोरा चूड़ा व दो बोरा गुड़ दिया. इसके अलावा समाजसेवी रिंटू साहू ने चार क्विंटल चावल 70 जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरण किया.

CS Scanned with CamScanner